भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 674
दिनांक 25 जुलाई, 2024

ओएनजीसी द्वारा सीएसआर धनराशि का उपयोग

†674. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत ओएनजीसी द्वारा आन्ध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेषकर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में कितनी निधियों का उपयोग किया गया है;

(ख) आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में ओएनजीसी की सीएसआर निधियों से शुरू की गई, पूरी की जा रही और पूरी की गई परियोजनाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरा आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में ओएनजीसी की सीएसआर पहलों में नियोजित स्थानीय व्यक्तियों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या ओएनजीसी का डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में भावी सीएसआर पहलों के लिए कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) से (घ) सार्वजनिक क्षेत्र के तेल और गैस उपक्रम (पीएसयूज) कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के तहत अभिज्ञात शीर्षों के अंतर्गत सीएसआर कार्यकलाप करते हैं जिनमें स्वास्थ्य (पोषण, स्वच्छता और पेय जल), शिक्षा, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण अनुकूल पहलों और दिव्यांगजनों तथा बुजुर्गों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाता है। कम्पनी का बोर्ड अपनी सीएसआर समिति की सिफारिशों के आधार पर कम्पनी के सीएसआर कार्य-कलापों की योजना बनाने, अनुमोदन करने, निष्पादन करने और निगरानी करने के लिए सशक्त है।

पिछले पांच वर्षों (वर्ष 2019-20 से 2023-24) के दौरान डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिले में 3.11 करोड़ रू. सहित आन्ध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीएसआर के तहत विविध परियोजनाओं के लिए ओएनजीसी ने 88.37 करोड़ रु. खर्च किए है। व्यय का जिला-वार ब्यौरा निम्नवत है:

क्रम सं.	जिला	पिछले पांच वित्त वर्ष(2019-20 से2023-24) के दौरान खर्च की गई धनराशि (लाख में)
1	चित्तूर	249.69
2	डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा	310.86
3	पूर्वी गोदावरी	6036.67
4	काकीनाड़ा	56.85
5	खम्मम	10.00
6	कृष्णा	169.22
7	कुरनूल	5.94
8	नेल्लोर	25.27
9	पलनाडु	22.05
10	प्रकाशम	83.16
11	श्रीकाकुलम	26.02
12	विशाखापत्तनम	817.56
13	विजियानगरम	35.90
14	पश्चिम गोदावरी	153.32
15	वाईएसआर (कडपा)	34.92
16	एक से अधिक जिले	799.86
	कुल	8837.27

श्रोत- ओएनजीसी

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा जिला सहित आन्ध्र प्रदेश में सीएसआर परियोजनाओं (वित्त वर्ष 2024-25) की वर्तमान स्थिति का जिला-वार ब्यौरा www.ongcindia.com पर उपलब्ध है।

सीएसआर कार्य-कलाप ओएनजीसी द्वारा अथवा सीधे तौर पर अथवा कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से किए जाते हैं। अधिकतर क्षेत्र में ओएनजीसी के कार्य-केन्द्रों के माध्यम से कार्य कर रही स्थानीय कार्यान्वयन एजेंसियां, ओएनजीसी के सीएसआर समर्थन के द्वारा सीएसआर परियोजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए स्थानीय लोगों को नियुक्त करती हैं।

*****